## सार-समाचार

### 11 युवाओं का भारतीय सेना में चयन

**खेतड़ी**, ( निसं )। खेतड़ी विकास समिति द्वारा संचालित विनोदिनी पीजी कॉलेज राजोता में भारतीय सेना में चयनित हुए विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बी कृष्ण मूर्ति थे, जबकि अध्यक्षता डॉ संतोष सैनी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ मोहित सक्सेना ने बताया कि खेतड़ी विकास समिति की ओर से शिक्षा के क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। संस्था के छात्र रोहित गुर्जर, दोलत राम, संजय कुमार , जयंती कुमारी, संजय कुमार का भारतीय सेना में चयन होने पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुख्य अतिथि कृष्ण मूर्ति ने कहा किझुंझुनू जिले वीरों की भूमि के नाम से जाना जाता है, यहां बचपन से ही युवाओं को देश सेवा की प्रेरणा दी जाती है। देश की सेवा करने को लेकर अपने प्राणों का त्याग करने वाला हमेशा अमर रहता है। जिले के अनेकशहीदों नेदेश सेवा व अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर जिले का नाम रोशन किया है। झुंझुनू जिले के शौर्य की मिट्टी में जोश और साहस का प्रतीक माना जाता है। देश के लिए सबसे अधिक सैनिक देने का गौरव झुंझुनू के जिले के नाम से जाना जाता है। यहां के युवाओं को बचपन से हीसेनामें जाने के लिए तैयार किया जाता है, जो सरहद पर किसी प्रकार की हलचल होने पर बहादुरी का परिचय देते हैं। झुंझुनू जिले में सड़क किनारे लगीशहीदों कीप्रतिमायुवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यहां के युवा सड़क किनारे नियमित रूप से अभ्यास करसेनामें जाने की तैयारी भी करते देखे जा सकते हैं। इस दौरान सेना में चयनित युवाओं का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस मौके परडॉ बजरंग लाल, डॉ सुनील सैनी, डॉ सुरेन्द बैरवा, डॉ मोहित सक्सेना, एनसीसी अधिकारी कैप्टन विक्रम सिंह निर्वाण सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### बैठक संपन्न

**झुंझुनूं**, ( निसं ) शहर के परमवीर परू सिंह शक्ति केंद्र भाजपा की बैठक स्थानीय किसान कॉलोनी स्थित नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा के निवास पर शक्ति केंद्र संयोजक नरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए धोद् विधायक एवं भाजपा के ज़िला संगठन प्रभारी गोरधन वर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बूथ संरचना भाजपा पार्टी की रीढ़ है। बूथ की मज़बूती ही पार्टी की विजय है। सभी कार्यकर्ता कमल के निशान को प्रत्याशी मानकर एक मुखी होकर चुनाव लड़ेंगे। नगर मंडल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा ने विधानसभा उप चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर घर घर जाकर केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्य की भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों व जनकल्याणकारी कार्यों से हुए विकास व लाभ को बताने की बात कही।विस्तारक ओमप्रकाश शर्मा ने बूथ अध्यक्षों को विधानसभा उप चुनाव को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी। इस मौक़े पर भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा,शक्तिकेंद्र संयोजक नरेंद्र शर्मा, प्रभारी नगर महामंत्री रवि लांबा, मनोज कुंडलवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र सिह छावसरी , नगर मंत्री संपत सिह तँवर , एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष हरीश गोयल, विधि प्रकोष्ठ के ज़िला संयोजक एडवोकेट अशोक शर्मा, एडवोकेट हनुमान सिह महला, शंभु नेहरा, प्रभुदान सिह चारण, जय प्रकाश चौधरी, सुधीर चाहर, विजय चावला, अजय पचार, दलिप ढाका, विनोद खन्ना, दीपक शर्मा, लोकेश डूडी, दीप सिह शेखावत, विजय चावला, एडवोकेट महेंद्र कुमावत सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित

**झुंझुनूं**, ( निसं ) । जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय माननगर में शुक्रवार को कांग्रेस बूथ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र सिंह ओला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद सभापति नगमा बनो ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी, कांग्रेस नेता अमित ओला, गिडानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, झुंझुनूं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमत अली, उपसभापति राकेश झाझडिया, पूर्व उपसभापति विमला बेनीवाल, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पवन पुजारी, मंडल अध्यक्ष मुमताज अली,मंडल अध्यक्ष ताराचंद सैनी,मंडल अध्यक्ष विजय सिंह लाखलाण,मदन लाल सैनी, सेवादल जिला अध्यक्ष हारून लालपुर,वरिष्ठ क कांग्रेसी नेता इकबाल मलवान ,अब्दुल रशीद आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ओला ने कहा कि झुंझुनू विधानसभा में कांग्रेस ही विजय होगी क्योंकि झुंझुनूं विधानसभा का हर एक बूथ कार्यकर्ता मजबूत है। इस दौरान ओला ने बूथ को ओर मजबूत कर उपचुनाव में एकजुट होकर कांग्रेसको विजय बनाने का आव्हान किया। अध्यक्षता कर रही नगर परिषद सभापति ने कहा की कुछ लोग हमारे बीच आएंगे और एक दूसरे से अलग करने की कोशिश करेंगे लेकिन हमें एक होकर इस उपचुनाव में कांग्रेस को विजयी बनाना है और प्रत्येक बुथ पर हमारे कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए झुंझुनू विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर डटे रहकर कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाना है इस दौरान सभी बूथ कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली ने आए हुए अतिथियों व बूथ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

**उदयपुरवाटी**, (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 सफलतापूर्वक आयोजित हुई । गायत्री परिवार के कार्यवाहक बजरंग लाल सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक स्तर पर एक दर्जन से अधिक सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में आयोजित हुई इस परीक्षा में एक हजार 400 से अधिक विद्यार्थी प्रविष्ट हुए हैं । इस परीक्षा के सफल आयोजन में गायत्री परिवार के बद्री प्रसाद तंवर, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, महावीर प्रसाद सैनी, अशोक कुमार दायमा, अविनाश तंवर, एमडी मुकेश सैनी, सुनील सिंगोदिया, राजेश सैनी, दशरथ सिंह राव, सुनील सैनी, शिवचंद सैनी, विजयपाल मालावत, महेश सैनी, श्रीराम सैनी, शीशराम यादव, हरिशंकर सैनी सहित कई कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा है ।

### सोमोलाई बालाजी धाम में भजन संध्या

**सीकर**, (निसं)। शरद पूर्णिमा महोत्सव के मौके पर निकटवर्ती सोमोलाई बालाजी धाम में भजनसंध्या का आयोजन किया गया। भजनसंध्या में श्रीश्यामबाबा भजन समिति के संयोजक श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी सहित अन्य गायकों ने ऐसा रंग जमाया कि श्रोता श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। मंदिर महंत ने हनुमानजी की ज्योत ली जो पूरे जागरण में अखंड रूप में प्रज्वलित रही। श्यामभक्त गोपी व भजन गायिका निशा शर्मा भरतपुर ने अपने भजनों से बालाजी के साथ श्यामप्रभु को भी रिझाया। इस मौके पर गौरी शंकर बजाज, गोपाल बजाज, हरिप्रसाद, गोवर्धन अठावाल, महावीर अठावाल, सोनू बजाज, सत्यनारायण बजाज, पवन सीहोटिया, छींतरमल, निर्मल महाराज, बनवारी बजाज, जितेंद्र कचोलिया, अमित चिरानिया, बनवारी बिदावतका, संजय सीहोटिया, जगदीश दोदराजका,अनीता कांकड़ोलीया,सुचिता बजाज, शिप्रा बजाज, अनुसूया बजाज, वंदना बजाज, सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। मंदिर में दर्शनार्थियों का दिन की तरह रातभर भी तांता लगा रहा।

### दो साल का कारावास

**तारानगर**, (निसं)। तारानगर न्यायालय पीठासीन अधिकारी अजयदीपसिंह ने लगभग 15 साल पुराने चैक अनादरण मुकदमें में फैसला सुनाते हुए मुलजिम को 10 लाख रूपये का अर्थदण्ड और दो वर्ष के कारावास की सजा से दण्डित किया गया है। मामले की पैरवी कर रहे एडवोकेट गजराज सिंह ने बताया कि मुलजिम विजेन्द्र सिंह नरवाल निर्देशक सुबह सेवेरे मार्केटिंग प्रा.लि. कम्पनी गुहाना रोड़, सुखपुरा चौक, रोहतक (हरियाणा) ने अपने निजी काम के लिये तारानगर के सुमेरसिंह सैनी से 10 लाख रूपये उधार लिये। इसकी एवज में मुलजिम ने अपने खाते का एक चैक सं. 627666 राशि 10 लाख रूपये का हस्ताक्षर करके दे दिया था। निर्धारित समय पर चैक बैंक में जमा करवाने पर मुलजिम के खाते में बैलेंस न होने पर चैक अनादरित हो गया। सही समय पर सूचित करने के बाद भी मुलजिम ने चैक राशि का भुगतान नहीं करने पर परिवादी सुमेरसिंह ने धारा 138 एन.आई. एक्ट में न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया। न्यायालय ने पूरे प्रकरण का गहन अध्ययन करने के बाद दोनों ओर के विद्वान अधिवक्तागण की बहस सुनने के बाद चैक जैसे दस्तावेज के दुरूपयोग करने व आर्थिक विश्वसनियता को बट्टा लगाने के जैसे कारण उजागर करते हुये मुलजिम पर 10 लाख रूपये रकम और 10 लाख रूपये का प्रतिकर लगाते हुये परिवादी को कुल 20 लाख रूपये अदा करने के आदेश दिये है तथा दण्ड स्वरूप दो वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है।

# वर्तमान समय में ई-पुस्तकालय की महती आवश्यकता : सारस्वत

- डाइट में क्रियाशील पुस्तकालय हेतु केआरपी प्रशिक्षण सम्पन्न

**चूरू**, (कासं.)। डाइट में डब्लूयू ई प्रभाग की ओर से चल रहे क्रियाशील पुस्तकालय व ई पुस्तकालय के उपयोग के लिये केआरपी प्रशिक्षण शुक्रवार को उमा सारस्वत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सारस्वत ने बताया कि वर्तमान समय में ई पुस्तकालय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में इसे लागू करने के उद्देश्य से शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में बताया कि एनईपी 2020 के तहत निपुण, एफएलएन और प्रखर जैसी गतिविधियों को लागू करने में पुस्तकालय का विशेष महत्व है। इस अवसर पर संदीप महरौलिया ने ई पुस्तकालय की पीपीटी प्रस्तुत की और नेशनल व राजस्थान डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व प्रधानाचार्य अशोक पारीक ने बताया कि पुस्तकें हमारी सच्ची दोस्त होती हैं और हमारा सही मायने में मार्गदर्शन करती हैं। आईदान शर्मा ने पुस्तकालय के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। प्रिया शेखावत ने साइन लैंग्वेज की जानकारी देते हुए बताया कि सभी शिक्षकों को इसे सीखना चाहिए ताकि समाज के मुख बधिर बालकों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर सचिन ने कहा कि आगामी परख परीक्षा के लिये विद्यार्थियों को तैयार करने में पुस्तकालय प्रभारी की प्रमुख भूमिका रहती है। राजेंद्र शर्मा ने वर्तनी के शुद्ध उच्चारण के प्रयोग बताये। जय लक्ष्मी और विमल नाथावत द्वारा शिक्षक टूल के रूप में बनाए गए चित्रों को बनाने की विधि बताई। भोजराज ने कविता में यति, गति, लय के साथ वचन की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुस्तकालय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने ई पुस्तकालय संधारित करने के गुर बताये। प्रशिक्षण में संजय शर्मा, लाजवंती, विकास, देवदास स्वामी, संजू, विजयलक्ष्मी, अंशु, सुरेश बुंदेला सहित जिले के 40 संभागियों ने भाग लिया।



डाइट में डब्लूयू ई प्रभाग की ओर से चल रहे क्रियाशील पुस्तकालय व ई पुस्तकालय के उपयोग के लिये केआरपी प्रशिक्षण शुक्रवार को उमा सारस्वत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# भीतर की आग से निरंतर जलती है रचनात्मकता की भट्टी : सोनी

- लोहिया कॉलेज के नवाचार संवाद सृजन से साक्षात्कार में विद्यार्थियों से रूबरू हुए डॉ सुरेंद्र डी सोनी

**चूरू**, (कासं.)। राजकीय लोहिया महाविद्यालय में बतौर नवाचार शुरू हुए संवाद सृजन से साक्षात्कार कार्यक्रम की पहली कड़ी में प्रख्यात साहित्यकार एवं प्रोफेसर डॉ सुरेंद्र डी सोनी विद्यार्थियों से रूबरू हुए। इस दौरान हिंदी-राजस्थानी के युवा रचनाकार उम्मेद गोठवाल ने उनके साथ बातचीत की। कार्यक्रम में बतौर साहित्यकार बोलते हुए प्रोफेसर सुरेन्द्र डी सोनी ने अपनी कविता में वर्णित आग का हवाला देते हुए कहा कि आग एक जरूरी ऊर्जा है जो व्यक्ति के भीतर स्थित रचनात्मकता की भट्टी को निरंतर प्रज्वलित रखने का स्रोत है।

संवाद श्रृंखला की पहली कड़ी में प्रोफेसर सुरेन्द्र डी सोनी के व्यक्तित्व-कृतित्व, उनकी रचनात्मक यात्रा से लोहिया महाविद्यालय के विद्यार्थी रूबरू हुए। इस सृजन से साक्षात्कार में डॉ. सुरेन्द्र डी सोनी ने सृजन व सृजन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों के सामने प्रतिपादित किया कि कविता में विचार और शब्द कितने महत्वपूर्ण हैं उन्होंने कविता की विकास यात्रा का जिक्र करते हुए आज की कविता के समक्ष उपस्थित प्रश्नों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने लेखक के लिए दोहरी तलवार का कार्य किया है। इस माध्यम से लेखक ने छोटी.छोटी कविताओं से पाठकों के मन में जहां प्रवेश किया है वहीं किताब और पढ़ने की प्रवृत्ति को दूसरी तरह से कम किया है। यही कारण है कि कविता अपने समग्र प्रभाव से ठहरती नहीं अपितु तुरंत बह जाती है। इस दौरान उन्होंने अनुवाद, अनुवाद की सीमाएं और डायरी लेखन पर चर्चा की।

डॉ सोनी ने अपनी कुचरणियों का वाचन कर विद्यार्थियों को सृजन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने चित्रों के माध्यम से बताया कि जहां शब्द मौन हो जाते हैं, वहां रंग और रेखाएं किस तरह आपकी भावाभिव्यक्ति में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि साहित्य का पठन, पाठन, लेखन आपके कैरियर का निर्णायक बिंदु हो सकता है।

# 'काउंसलिंग सेंटरों पर तैयार करें पारिवारिक माहौल'

**चूरू**, (कासं.)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला कलक्टर कक्ष में जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सुराणा ने कहा कि काउंसलिंग सेंटरों पर समुचित सुविधाएं करते हुए पारिवारिक माहौल प्रदान करें। सेंटर पर आने वाली महिलाएं सहज महसूस करें व सरलता से अपनी परेशानियों रख सकें। इसके लिए की जाने वाली समस्त संभावनाएं देखें और सुविधाओं को सुदृढ़ करें। रंग रोगन सहित गतिविधियों के साथ काउंसलिंग सेंटर को फैसिलिटेट करें। वेटिंग एरिया में बैठने आदि की सुविधाएं बेहतर बनाएं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित अन्य ब्लॉकों में भी अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों के जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिले के अंतिम छोर तक के लोगों तक विभागीय पहुंच बनाएं। अभियान में सम्मिलित सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। इसी के साथ बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम, जिला कलक्टर की ओर से जनप्रतिनिधियों, स्थानीय सरकारी कार्मिकों व मानदेयकर्मियों द्वारा राजकीय अस्पतालों में जन्मी प्रत्येक बालिका को बधाई संदेश का वितरण, अंतरराष्टीय व राष्टीय बालिका व महिला दिवस के आयोजन, जागरूकता एवं कठपुतली शो, कन्या वाटिका का संचालन आदि गतिविधियां आयोजित की जाएं। इसी के साथ नवाचार गतिविधियां भी आयोजित की जाएं। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को प्रथम एएनसी रजिस्टेशन बढ़ाने के लिए अधिकतम प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी कार्यालयों में आंतरिक समाधान समिति, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 पर कार्यशाला, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, सखी वन स्टॉप सेंटर को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान जिला स्तरीय महिला समाधान समिति सदस्य संतोष तालणियां, डीएलआर शुभकरण, आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत, एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, एपीआरओ मनीष कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेन्द्र राठौड़ आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**सादुलपुर**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रांतीय आव्हान पर शुक्रवार को पांच बजे के करीबन शिक्षकों में विशेष कर महिला शिक्षकों के विरुद्ध गैर मर्यादित भाषा का प्रयोग करने के कारण एसडीएम कोर्ट राजगढ के समक्ष शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का पुतला फूंका एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि शिक्षकों के खिलाफ इस प्रकार की गैर मर्यादित भाषा का प्रयोग करना राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत कतई सहन नहीं करेगा। इसी दौरान शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये। जिला मंत्री वेदपाल मलिक ने बताया कि जब तक शिक्षा मंत्री सार्वजनिक माफी नहीं मांगते हैं तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ब्लॉक मंत्री संजय खीचड ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जहां भी जायेंगे वहां उनका पुरजोर विरोध करेंगे।

# समीक्षा बैठक का आयोजन

**पाटन**, (निसं)। जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, बैठक में कलक्टर ने विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर कहा कि जिले में सोलर के जितने भी प्रस्ताव आए है तथा जिन लोगों ने नीमकाथाना के वेन्डरों का चयन किया है वे वेन्डर डोर टू डोर जाकर लोगों को सोलर कनेक्शन के लिए प्रोत्साहित करें,व लोगों के इस के लाभों के बारे में बताए। माहवार लक्ष्य निर्धारित कर कनेक्शन करे। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सब्सिडी मिलने में हो रही देरी के कारणों का पता लगाकर इस के समाधान के प्रयास करे। हर माह वेन्डर्स के साथ बैठक करे।जिला कलक्टर मेहरा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**खेतड़ी**, ( निसं ) खेतड़ीनगर के केसीसी स्थित नेहरू मैदान में शुक्रवार को 68 वी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी बबलू अवाना थे, जबकि अध्यक्षता सीबीईओ जितेंद्र सुरोलिया ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि युवाओं के लिए खेलो में भविष्य बनाने के लिए अपार संभावनाएं हैं। देश के युवाओं ने खेलों के जरिए भारत का नाम रोशन किया है।आज के समय में युवा परंपरागतखेलों से दूर होता जा रहा है।

# अनुपस्थित रहने वाले ग्राम विकास अधिकारियों को नोटिस जारी

**खेतड़ी**, ( निसं ) सिंघाना पंचायत समिति के सभागार में शुक्रवार विभिन्न योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। विकास अधिकारी दारा सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक मे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत घर घर कचरा संग्रहण एंव कचरे का सही निस्तारण करने पर चर्चा की गई। इसके अलावा जिन ग्राम पंचायतों में ठेकेदारो के द्वारा कार्य सही ढंग से नहीं किया जा रहा है, उन ठेकेदारो को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायतो में प्रत्येक दिन हर महौल्ला , बाजार ,आदि में टेक्टर , टिप्पर , टेम्पु आदि से कचरे का संग्रहण कर कचरा संग्रहण केन्द्र पर कचरे का सही निस्तारण करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायतो में स्वच्छता से सम्बंधित कार्यो में लापरवाही की जाएगी उन ग्राम पंचायतो के ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत बकाया 24 गांवो का एक सप्ताह में सर्वे कर सर्वे विभाग को नक्शा एंव रिर्पोट जमा करवाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो को आगामी एक माह में पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, जनअधार सत्यापन, पेंशन सत्यापन रिर्पोट , आडिट अनुपालना, जन्म-मृत्यु, झुन्झुनूं विधान सभा के उपचुनाव हेतु लगी आर्दश आचार सहिंता की पुर्ण पालना, सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का निस्तारण आदि योजनाओं की समीक्षा एंव प्रगती पर चर्चा की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर ग्राम विकास अधिकरी हरपाल सिंह, दिनेश कुमार, को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। बैठक में विकास अधिकारी दारा सिंह, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी अरविन्द गौड़ , प्रधान मंत्री आवास प्रभारी बिसम्बर दयाल, सम्पर्क पोर्टल प्रभारी सुरेन्द्र लम्बोरिया, सहायक लेखाधिकारी महेश कुमार धायल, ग्राम विकास अधिकारी कैलाश शर्मा, प्रकाश चन्द शर्मा, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# झुंझुनूं विधानसभा में कांग्रेस ने कभी भी मुस्लिम समुदाय को टिकट नहीं दिया : चोपदार

- राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम.डी. चोपदार ने झुंझुनूं विधानसभा में कांग्रेस पार्टी से मुस्लिम को टिकट देने के लिए हुंकार भरी
- मुस्लिम न्याय मंच झुंझुनूं ने कांग्रेस सहप्रभारी को दी चेतावनी

**झुंझुनूं**, (निसं) जिला मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ता संवाद करने आये राजस्थान कांग्रेस सहप्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव चिरंजीव राव को मुस्लिम न्याय मंच के हजारों कार्यकर्ताओं ने झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव में मुस्लिम समाज को टिकट देने के लिये ज्ञापन दिया व झुंझुनूं की 30 मुस्लिम बिरादरी के आवेदन दिये।

उक्त कार्यक्रम में राजस्थान मदरसा बोर्ड के चैयरमेन एम.डी. चोपदार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि आजादी से लेकर आज तक झुंझुनूं विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने कभी भी मुस्लिम समुदाय को विधानसभा का टिकट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान में मुस्लिम समुदाय सौ प्रतिशत कांग्रेस को वोट देता है। उन्होंने ये भी याद दिलाया कि झुंझुनूं लोकसभा से मुस्लिम समुदाय के कैप्टन अयूब साहब दो बार सांसद बने है। एम. डी. चोपदार ने कहा कि इस उपचुनाव में मुस्लिम समाज को टिकट देने से मुस्लिम समुदाय आपका सदैव एहसानमंद रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरे नाम से अगर किसी व्यक्ति विशेष को अदावत है तो मुझे टिकट मत दो, पर झुंझुनूं विधानसभा के 70 हजार मुस्लिम वोट और 30 मुस्लिम बिरादरियों में से किसी को भी टिकट दे देवे, मैं ये कुर्बानी अपने समाज को देने के लिये तैयार हूँ उन्होंने कहा की इस सीट के हार-जीत से ना तो सरकार आ रही है और ना ही सरकार जा रही है। कार्यक्रम में मुस्लिम न्याय मंच के संयोजक इमरान बड़गुजर ने सहप्रभारी चिरंजीव राव को ज्ञापन देते हुये कहा कि कांग्रेस पार्टी इस विधानसभा उपचुनाव में मुस्लिम समुदाय को टिकट दे अन्यथा हम कांग्रेस को वोट नहीं देंगे उन्होंने अपने साथ आयेहजारों मुस्लिम कार्यकर्ताओं से अपनी-अपनी बात रखी। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद जब्बार फुलका, इस्लामपुर के सरपंच आमीन मनीयार, दरगाह कमेटी के सचिव उस्मान मालीगांव, सैयद आबिद अली सहित काफी जनों ने अपने-अपने बायोडाटा सहप्रभारी को सौंपे एवं आप पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी रहे युनुस अली रंगरेज ने इण्डिया गठबंधन के तहत टिकट देने की मांग की। कार्यक्रम में झुंझुनूं के प्रभारी सूजानगढ़ के विधायक मनोज मेघवाल, नौहर के विधायक अमित चाचण, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, ओ.बी.सी. विभाग के नेशनल कॉर्डिनेटर भरत सिंह तोगड़, जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सुण्डा, एन.एस.यू.आई के जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़, राजस्थान मदरसा बोर्ड के चैयरमेन एम.डी. चोपदार मंचासीन थे। कार्यक्रम में अब्दुल लतीफ खानजादा, अयूब बड़गुजर, फारूक अली, बिजेन्द्र कस्वां, आजम बड़गुजर, इरफान कुरेशी, अब्दुल जब्बार, इमरान खान, ओसामा सैयद, मुस्तफा भाटी, आलम शेर, इमरान खोखर, लियाकत अली कुरेशी, जावेद कुरेशी, शकील कुरेशी, एजाज खान, इमरान राईन, इस्तियाक कुरेशी, अलताफ अली, इम्तियाज बड़गुजर, जमील अहमद, शरीफ रंगरेज, अजमत निर्बाण, मो. आवेश, इरफान काजी, आमीर खान, कयूम अली कुरेशी, मौलाना अरशद, मौलाना मारूफ, मौलाना शकरूदीन, रेहान कुरेशी, हसन लुहार, कैप्टन अयाज नबी, असलम बड़गुजर, कासम अली आदि मौजूद रहे।

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत सहनुसर**
**पंचायत समिति फतेहपुर (सीकर)**

क्रमांक :- SPL27 दिनांक 16.10.2024

**आपत्ति आमंत्रण नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की आबादी भूमि क्षेत्र में बसे लोगों को उनके स्वामित्व की भूमि का नियमानुसार प्रोपर्टी कार्ड पट्टा दिया जाना है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग जयपुर से प्रापत ग्राम पंचायत सहजूसर के समस्त ग्रामों की आबादी क्षेत्र की सर्वे सूची मैप 2-0 तथा प्रोपर्टी पार्सल आमजन के अवलोकनार्थ ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। जिनका कार्यालय समय में अवलोकन किया जा सकता है। इनके संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/संशोधन हेतु लिखित आवेदन मय साक्ष्य/दस्तावेज नोटिस जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
नोट :- आबादी क्षेत्र में स्थित अपने मकान का पट्टा/ स्वामित्व दस्तावेज, मो नंबर व आधार कार्ड आवश्यक रूप से साथ लेकर आवे।

सरपंच, ग्राम पंचायत सहनुसर, पंचायत समिति, फतेहपुर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सहनुसर, पंचायत समिति, फतेहपुर

---

D. No - 1776 /15-10-24
**प्रत्यर्थी का सम्मन**
**न्यायालय -पारिवारीक न्यायालय, झुंझुनूं (राजस्थान)**
याची **सुमन** विरूद्ध **अशोक**
याचिका संख्या **69/2024**
**RJJH020001042024**
याचिका बाबत - **विवाह विच्छेद**
प्रेषित- अशोक पुत्र/पुत्री सत्यनारायण जाति निवासी ग्राम - रोसावा तहसील फतेहपुर जिला सीकर (राजस्थान)
याचि सुमन ने आपके विरुद्ध याचिका बाबत विवाह विच्छेद न्यायालय में प्रस्तुत की है। अतः आप दिनांक 16.11. 24 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जवाब प्रस्तुत करें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 15-10-24 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
मुहर वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)
**आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)**

---

D. No - 1775 /15-10-24
**प्रत्यर्थी का सम्मन**
**न्यायालय - पारिवारीक न्यायालय, झुंझुनूं (राजस्थान)**
याची **अलका** विरूद्ध **साकेत**
याचिका संख्या **67/2024**
**RJJH020004642024**
याचिका बाबत - **विवाह विच्छेद**
प्रेषित-साकेत पुत्र/पुत्री महेन्द्र सिंह बसेरा जाति निवासी 1- त - 14 हाऊसिंग बोर्ड झुंझुनूं तहसील व जिला झुंझुनूं (राजस्थान)
याचि अलका ने आपके विरुद्ध याचिका बाबत विवाह विच्छेद न्यायालय में प्रस्तुत की है। अतः आप दिनांक 18.11. 24 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जवाब प्रस्तुत करें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 15-10-24 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
मुहर वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)
**आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)**

---

D. No - 1774 /15-10-24
**प्रत्यर्थी का सम्मन**
**न्यायालय - पारिवारीक न्यायालय, झुंझुनूं (राजस्थान)**
याची **सुभाष** विरूद्ध **ममता**
याचिका संख्या **72/2024**
**RJJH020001082024**
याचिका बाबत - **विवाह विच्छेद**
प्रेषित- ममता पुत्र/पुत्री सत्यनारायण जाति निवासी ग्राम - रोसावा तहसील फतेहपुर जिला सीकर (राजस्थान)
याचि सुभाष ने आपके विरुद्ध याचिका बाबत विवाह विच्छेद न्यायालय में प्रस्तुत की है। अतः आप दिनांक 16.11. 24 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जवाब प्रस्तुत करें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 15-10-24 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
मुहर वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)
**आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)**

---

D. No - 1772 /15-10-24
**प्रत्यर्थी का सम्मन**
**न्यायालय - पारिवारीक न्यायालय, झुंझुनूं (राजस्थान)**
याची **कविता** विरूद्ध **कैलाशचंद्र**
याचिका संख्या **68/2024**
**RJJH020001032024**
याचिका बाबत - **विवाह विच्छेद**
प्रेषित- कैलाशचन्द्र पुत्र/पुत्री सत्यनारायण जाति निवासी रोसावा फतेहपुर तहसील फतेहपुर जिला सीकर (राजस्थान)
याचि कविता ने आपके विरुद्ध याचिका बाबत विवाह विच्छेद न्यायालय में प्रस्तुत की है। अतः आप दिनांक 16.11. 24 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जवाब प्रस्तुत करें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 15-10-24 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
मुहर वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)
**आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)**

---

D. No - 1773 /15-10-24
**प्रत्यर्थी का सम्मन**
**न्यायालय-पारिवारीक न्यायालय , झुंझुनूं (राजस्थान)**
याची **मुकेश** विरूद्ध **सुमन**
याचिका संख्या **71/2024**
**RJJH020001072024**
याचिका बाबत - **विवाह विच्छेद**
प्रेषित- सुमन पुत्र/पुत्री सत्यनारायण जाति निवासी ग्राम-रोसावा तहसील फतेहपुर जिला सीकर (राजस्थान)
याचि मुकेश ने आपके विरुद्ध याचिका बाबत विवाह विच्छेद न्यायालय में प्रस्तुत की है। अतः आप दिनांक 16.11. 24 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जवाब प्रस्तुत करें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 15-10-24 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
मुहर वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)
**आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय झुंझुनूं (राजस्थान)**

---

प्रारूप-10
(नियम6(7)देखिए)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक :- 3890 दिनांक :- 18.10.2024

**लोक सूचना**

देव शिक्षा विकास समिति तारानगर जरिये सचिव सत्यवीर सिंह शेखू पुत्र रामजीलाल निवासी साहवा- रोड तारानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (संस्थागत शैक्षणिक हेतु) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| चूरू तहसील तारानगर | तारानगर | 1868/1759 | 10947.88 वर्ग मीटर |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17.10.2024 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका तारानगर**

